कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:जून-2026




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in
**Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com
**Office Email** : dnpggkp@gmail.com
**Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जून-2026

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



श्री प्रमोद कुमार चौधरी
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य
**प्रधान सम्पादक**



डॉ. सुभाष चन्द्र
संयोजक



डॉ. विभा सिंह
सदस्य
सम्पादक समिति



डॉ. प्रियंका सिंह
सदस्य
सम्पादक समिति



श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव
तकनीकी सहायक

June-2026



# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.06.2026 शनिवार | महाविद्यालय | पुरातन छात्र जय वर्धन सिंह को मिला "यूथ क्लाइमेट चैम्पियन" सम्मान | 1 |
| 2 | 21.06.2026 शनिवार | महाविद्यालय | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | 2 |

June-2026



# महाविद्यालय के पुरातन छात्र जय वर्धन सिंह को मिला ''यूथ क्लाइमेट चैम्पियन'' सम्मान




दिनांक 06.06.2026 को महाविद्यालय के पुरातन छात्र एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता जय वर्धन सिंह को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास (Sustainability), क्लाइमेट एक्शन तथा युवा नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक योगदान के लिए प्रतिष्ठित यूथ क्लाइमेट चैम्पियन सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें लखनऊ में आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के कर–कमलों द्वारा किया गया था।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष, गर्व एवं गौरव का विषय है कि हमारे पुरातन छात्र जय वर्धन सिंह को इतने प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित किया गया है।**

**महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि** जय वर्धन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के साथ–साथ विद्यालय में पुस्तकालय संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित 'लाइब्रेरी मूवमेंट' समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक पहल है।

June-2026

## महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन






दिनांक 20 जून, 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय के खेल विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) राष्ट्रीय कैडेट कोर एन.सी.सी. एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में **स्वस्थ जीवन शैली में योग का महत्व** विषय पर व्याख्यान एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। **मुख्य वक्ता डॉ. डी. पी. सिंह अध्यक्ष, आरोग्य भारती, गोरक्ष प्रान्त थे।** इस अवसर पर उन्होने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो मानव जीवन को स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी समाधान है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने तथा संयुक्त राष्ट्र संघ से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिलाने के प्रयासों की सराहना जितनी की जाय, उतनी कम है। **योग गुरू डॉ. जयन्त नाथ सह–सचिव, आरोग्य भारती, गोरक्ष प्रान्त ने** विद्यार्थियों, अध्यापकों व कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने** कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज योग विश्व के लगभग सभी देशों में स्वास्थ्य एवं कल्याण के एक प्रभावशाली माध्यम के रूप में अपनाया जा रहा है। **कुल 125 विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में प्रतिभाग किया।** धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा परिषद के सदस्य डॉ नितीश शुक्ला ने किया।

June